RNI NO. : 52419/91

चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 85 • 10:04:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

द्वितीय

ब्रह्मचारिणी

नव दुर्गा के दूसरे रूप का नाम है मां ब्रह्मचारिणी। ब्रह्मचारिणी का अर्थ है वह जो असीम, अनन्त में विद्यमान, गतिमान है। एक ऊर्जा जो न तो जड़ न ही निष्क्रिय है, किन्तु वह जो अनन्त में विचरण करती है। यह बात समझना अति महत्वपूर्ण है – एक गतिमान होना, दूसरा विद्यमान होना।

राम नवमी पर अयोध्या में होने जा रहा 'चमत्कार'

● रामलला का होगा सूर्य तिलक, सीधे पड़ेगी किरण ● तीसरी मंजिल पर लगाए उपकरणों का ट्रायल पूरा

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या स्थित राम मंदिर 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर एक दुर्लभ खगोलीय घटना का गवाह बनने जा रहा है। इस दिन मंदिर आने वाले भक्तों को भी एक दुर्लभ वार्षिक कार्यक्रम का गवाह बनने का मौका मिलेगा। दरअसल इस दिन सूरज की किरण भगवान राम की

● 100 एलईडी स्क्रीन से अयोध्या में होगा प्रसारण

मूर्ति पर पड़ेगी और यह नई राम लला की मूर्ति के माथे पर एक 'दिव्य' तिलक लगाएगी। इसे 'सूर्य तिलक' कहा जा रहा है। साथ ही इसे विज्ञान, इंजीनियरिंग और आध्यात्मिकता का मिश्रण बताया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों और इस मकैनिज्म को डिजाइन करने वाले वैज्ञानिकों ने कहा कि यह घटना लेंस और मिरर की खास डिजाइन के माध्यम से घटित होगी। खास बात ये है कि यह चमत्कार केवल राम नवमी के दिन ही होगा। यानी भगवान राम की प्रतिमा पर सूर्य किरण केवल राम नवमी के दिन ही पड़ेगी। इस दिन भगवान काम का जन्मदिवस होता है। इसी साल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान 'सूर्य तिलक' को लेकर विस्तार से बताया था। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में एक वैज्ञानिक तथ्य है कि राम मंदिर में भगवान की प्रतिमा पर राम नवमी को सूर्य की किरण सीधे पड़ेगी। यानी राम नवमी को भगवान का सूर्य तिलक होगा। इसके लिए इन्स्टीट्यूट आफ एस्ट्रोफिजिक्स, बेंगलुरु ने गहन खगोलीय अध्ययन और आंकलन किया। रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इमारत के बारे में गहन शोध किया और एक कंपनी ने वह अवतल लैंस तैयार किया जिसमें से हो कर सूर्यकिरण भगवान के माथे पर पड़ेंगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि कई अन्य प्राचीन मंदिरों में भी इसी तरह का चमत्कार देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि आंध्रप्रदेश के वेद नारायण मंदिर, कोल्हापुर में महालक्ष्मी मंदिर, कोणार्क मंदिर, कर्नाटक के श्रृंगेरी के मंदिर में विज्ञान का करिश्मा है।

सीईसी राजीव कुमार को मिली जेड कैटिगरी की सुरक्षा

● आईबी से खतरे का मिला था इनपुट, सरकार ने लिया ऐक्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड कैटिगरी की सुरक्षा प्रदान की गई है। आईबी के इनपुट के आधार पर गृह मंत्रालय ने उन्हें यह सुरक्षा कवर देने का फैसला किया है। बीते कुछ समय से चुनाव आयोग पर विपक्षी दलों की ओर से आरोप भी लगाए हैं कि वह सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। विपक्षी दलों पर ऐक्शन लिया जा रहा है, जबकि भाजपा के नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस बीच चुनाव आयोग ने होम मिनिस्ट्री से मांग की है कि बंगाल में अर्ध सैनिक बलों की 100 अतिरिक्त कंपनियां सुरक्षा के लिए तैनात की जाएं ताकि चुनाव बिना किसी दखल के हो सकें। सूत्रों के मुताबिक चुनाव आयोग के आदेश पर होम मिनिस्ट्री की ओर से सीआरपीएफ की 55 कंपनियों और बीएसएफ की 45 कंपनियों की तैनाती की जानी है।

पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ सकेगा बेटा अब्बास

मुख्तार अंसारी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दी इजाजत

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने अब्बास को पिता मुख्तार की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी है। अब्बास उत्तर प्रदेश की जेल में बंद हैं और पिता मुख्तार की मौत के बाद भी वह

बाहर नहीं आ सका था। गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को बांदा में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अब्बास अंसारी को पर्याप्त सुरक्षा के साथ पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से उनके गृहनगर गाजीपुर ले जाया जाए। इसके बाद फातिहा पढ़ने समेत अन्य अनुष्ठानों में शामिल हो सकेगा। फिर 13 अप्रैल को अब्बास अंसारी को वापस कासगंज जेल लाए जाने का आदेश दिया गया है। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने विशेष रूप से कहा है कि फातिहा कल के लिए निर्धारित है। हमें उसे अनुष्ठान में शामिल होने से इनकार करने का कोई कारण नहीं दिखता है।

महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग फाइनल

● 21 सीटों पर शिवसेना उद्धव गुट चुनाव लड़ेगा, कांग्रेस को 17, शरद गुट को 10 सीटें मिलीं

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। महाराष्ट्र की 48 में से 21 सीटों पर शिवसेना (उद्धव गुट), 17 सीटों पर कांग्रेस और 10 सीटों पर एनसीपी शरद गुट अपने उम्मीदवार उतारेगी। मुंबई में मंगलवार को तीनों

दलों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस सीट शेयरिंग के फॉर्मूले का ऐलान किया गया है। एमवीए नेताओं के बीच मुंबई साउथ सेंट्रल, भिवंडी, सांगली और सातारा सीट को लेकर भी सहमति बन गई है। इन सीटों पर तीनों के बीच विवाद की स्थिति बन गई थी। एमवीए में सीट शेयरिंग बड़ा मुद्दा रहा है। कई बैठक होने के बाद भी पार्टियां यह तय नहीं कर पाईं कि किसके पास कितनी सीट जाएगीं। इसी बीच 27 मार्च को शिवसेना ने 17 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी।

मैं या तो महाकाल के आगे झुकता हूं या जनता जनार्दन के सामने

बालाघाट में कहा-धमकी ना दें, मैं डरता नहीं, महाकाल का भक्त हूं

बालाघाट (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के बालाघाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब तक जो विकास के कार्य किए हैं वो तो फुलझड़ी है। अभी तो विकास के रॉकेट को और भी ऊंचाई पर लेकर जाना है। पीएम मोदी ने कहा कि अभी तो ये ट्रेलर है। अभी भारत को नए मुकाम पर ले जाना है। उन्होंने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। पीएम मोदी ने खुद को भगवान महाकाल का भक्त बताया। उन्होंने कहा कि मोदी या तो महाकाल के सामने झुकता है या फिर जनता जनार्दन के सामने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बालाघाट में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सभा में उमड़ी भीड़ को देखकर कहा- इतनी बड़ी तादाद में माताओं-बहनों का प्यार साफ दिखा रहा है कि 4 जून को मध्यप्रदेश में क्या परिणाम आने वाले हैं। विधानसभा चुनाव में ही आपने कांग्रेस को पूरी तरह साफ कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लोग भाजपा से नहीं लड़ रहे, वो तो आपस में एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। इंडिया ने देश के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है।

हम राम के पुजारी, वो हैं राम के व्यापारी

पीएम मोदी के आरोपों पर जयराम रमेश का जवाब

नईदिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी द्वारा लगातार कांग्रेस को सनातन विरोधी कहने के आरोपों पर जयराम रमेश ने कांग्रेस पार्टी का बचाव किया है। पीएम मोदी लगातार चुनावी रैलियों में कांग्रेस पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए निमंत्रण को जानबूझकर अस्वीकार करने का आरोप लगा रहे हैं। अब इस पूरे प्रकरण पर पार्टी का बचाव करते हुए जयरमेश ने कहा कि वह कार्यक्रम पूरी तरह से राजनीतिक था। इसलिए हमने

निमंत्रण को सम्मानपूर्वक अस्वीकार किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हम राम के पुजारी हैं और बीजेपी के लोग राम के व्यापारी हैं। एएनआई को दिए इंटरव्यू में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बीजेपी पर धर्म का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह धर्म और राजनीति को भी नीचे स्तर ला गया है। बीजेपी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वे राम के व्यापारी हैं, जबकि कांग्रेस नेता राम के पुजारी हैं। जयराम रमेश ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में किया गया जश्न पूरी तरह से राजनीतिक था। यह सिर्फ एक राजनीतिक दल के व्यक्ति की इच्छा और जरूरतों को पूरा करने के लिए आयोजित किया गया। हम राम के उपासक हैं और वे (भाजपा) राम के व्यापारी हैं। जयराम रमेश ने कहा कि मेरे नाम जयराम रमेश में भी राम है। एक नहीं दो बार। कोई भी हमें राम विरोधी नहीं कह सकता। जयराम रमेश का यह बयान पीएम मोदी की छत्तीसगढ़ में चुनावी रैली के दौरान आरोपों के जवाब में आया है।

बंगाल के चाय बागानों से अबकी लाल झंडा गायब!

अब नहीं सुनाई देती कॉमरेड पुकार, 'राधे-राधे' बोल रहे श्रमिक

कोलकाता (एजेंसी)। दोनों तरफ चाय के बागान हैं और पत्तियों के एक कली है। चारों ओर हरा-भरा मैदान नजर आ रहा है। यहां पत्ता चुनने का काम चल रहा है। छाता लिए महिला चाय श्रमिकों का एक समूह पत्तियां तोड़ने में व्यस्त है। यह पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में नागेश्वरी चाय बागान का नजारा है। चाय बागानों में काम करने वाले श्रमिक छोटी-छोटी बातों पर हंस देते हैं। काम के बीच वे थोड़ा ब्रेक लेते हैं। चाय

श्रमिकों के साथ काम करने वाले कई संगठन हैं और उनके नेता बगीचे की ओर जाते दिख रहे हैं।

कार्यकर्ता मुस्कुराते हैं और हाथ जोड़कर उन्हें 'राधे-राधे' कहते हैं। सच कहें तो पिछले कुछ वर्षों में बंगाल के उत्तरी चाय बागानों का नजारा पूरी तरह से बदल गया है। एक समय में यहां के चाय बागान लाल झंडों में लिपटे रहते थे। यहां 'कॉमरेड' की पुकार तब सुनाई देती थी। आज जब श्रमिक संघ के नेता चाय बागान में आए तो वो आज पुरानी आवाज सुनाई दी। मगर, अब लाल झंडा फीका पड़ गया है।

गहलोत सरकार में डीजी रहे बीएल सोनी बीजेपी में शामिल

भाजपा का दुपट्टा पहनते ही कांग्रेस 'राज' का किया पर्दाफाश

जयपुर (एजेंसी)। भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी भगवान लाल सोनी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली है। मंगलवार 9 अप्रैल को नव संवत्सर के अवसर पर जयपुर स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में जॉइनिंग कमेटी के प्रदेश संयोजक अरुण चतुर्वेदी ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। 31 दिसंबर 2022 को वे पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। तब से वे सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए थे। पिछले दिनों उन्होंने राजनैतिक पार्टी जॉइन करके सेवा का मन बनाया। वर्तमान परिदृश्य में सबसे बेहतर कार्य करने वाली पार्टी उन्हें बीजेपी लगी और फिर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।

उन्होंने भाजपा ज्वाइन करते ही पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर आरोप लगाया कि उन्होंने संदिग्ध छवि के लोगों को भर्तियों का जिम्मा दिया था। गहलोत सरकार के कार्यकाल में बिचौलिए भी हावी हो गए थे। वहीं दूसरी तरफ युवाओं के भविष्य के साथ कुठाराघात किया गया था। 1988 बैच के आईपीएस अफसर रहे बीएल सोनी ने 35 साल तक पुलिस में सेवाएं दी। वे पुलिस महकमे के सबसे सुलझे हुए अफसरों में गिने जाते हैं।

हरियाणा-पंजाब, चंडीगढ़ की जेलों में बंद विदेशियों को राहत

● फैमिली से कर सकेंगे वीडियो कॉल, एचसी ने लिया सुओ मोटो, नोटिस जारी किया

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ की जेलों में बंद विदेशी नागरिकों को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। जेलों में बंद ऐसे नागरिक जल्द ही अपने परिवारों से फोन के जरिए वीडियो कॉल या फिर फोन पर बात कर सकेंगे। हाईकोर्ट ने उनके लिए घर पर अपने रिश्तेदारों से टेलीफोन पर संपर्क करने के लिए कम से कम महीने में एक बार बात करने के लिए नई प्रणाली शुरू करने की बात कही है। हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले में सुओ मोटो लेते हुए दो राज्यों और यूटी को नोटिस जारी किया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया के केंद्रीय जेल (महिला) के निरीक्षण के दौरान एक केन्याई नागरिक द्वारा किए गए अनुरोध के बाद यह आदेश दिया गया। जस्टिस संधावालिया को जेलों में बंद विदेशी नागरिकों ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद उनके परिवार से संपर्क कराने की व्यवस्था नहीं है। ऐसी परिस्थितियों में, हमारी कंसीडर्ड ओपिनियन है कि एक बड़ा मानवाधिकार मुद्दा उठता है, जिसे पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों द्वारा संबोधित करने की आवश्यकता है, ताकि महीने में कम से कम विचाराधीन कैदी वीडियो-कॉल कर सके।

पत्नी संग कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र

● एक महीने पहले बेटे ने सांसदी छोड़ थामा था कांग्रेस का हाथ

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी प्रेमलता सिंह की घर वापसी हो गई है। मंगलवार को नई दिल्ली में दोनों नेता भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हो गए। 2014 में बीरेंद्र सिंह ने बीजेपी ज्वाइन कर ली थी। पीएम मोदी के पहले कार्यकाल में वह इस्पात मंत्री और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री थे। उनके बेटे, बृजेंद्र सिंह, जो हिसार से बीजेपी के सांसद थे, उन्होंने पिछले महीने ही भाजपा और लोकसभा दोनों से इस्तीफा दे दिया

था और कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। नई दिल्ली में कांग्रेस में वापसी के बाद चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा, मेरा कांग्रेस में शामिल होना न सिर्फ घर वापसी है, बल्कि ये विचारधारा की वापसी भी है। मैं ये बात इसलिए कह रहा हूं-क्योंकि मैंने मान्यताओं को निभाया है। देश में नेताओं के लिए व्यावहारिक रूप से कुछ गरिमा व मान्यताएं हैं, जिन्हें निभाना चाहिए क्योंकि मान्यताओं को निभाने से ही हमारा देश मजबूत होगा। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि जब मैंने कहा कि मैं कांग्रेस में जाकर अपनी बात कहूं तो जयराम रमेश जी से पहली बार संपर्क हुआ। जब मैंने जिक्र किया तो उनके शब्द थे, जिसकी जरूरत इस देश की पॉलिटिक्स में है। उन्होंने कहा कि आपकी मौजूदगी बीजेपी में मर्यादित रही।

हाईकोर्ट ने कहा-शराब घोटाला केस में केजरीवाल की गिफ्तारी सही

ईडी ने कानून का पालन किया, उसके पास हवाला ऑपरेटर्स और एएपी कैंडीडेट के बयान

बालाघाट (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी-रिमांड को सही ठहराया। सीएम की अर्जी को खारिज कर दिया।

केजरीवाल ने 23 मार्च को गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका लगाई थी। कोर्ट ने कहा कि यह याचिका इस बात का फैसला करने के लिए है कि गिरफ्तारी अवैध है या नहीं। यह याचिका जमानत देने के लिए नहीं है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने कहा को राघव मुंगटा और शरथ रेड्डी के बयान रिकॉर्ड किए गए हैं। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ सबूत इकट्ठा किए हैं कि वो साजिश में शामिल थे और पूरी तरह इन्वॉल्व थे। ईडी ने खुलासा किया कि केजरीवाल आम आदमी पार्टी के संयोजक के तौर पर भी इस मामले में शामिल थे। सरकारी गवाहों के बयान किस तरह रिकॉर्ड किए, इस बात पर शक करना कोर्ट और जज पर कलंक लगाने जैसा है। इस पर 3 अप्रैल को सुनवाई हुई। तब कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। शराब नीति केस में दिल्ली सीएम को 21 मार्च को ईड ने अरेस्ट किया था। ईडी ने 22 मार्च को केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने दिल्ली सीएम को 28 मार्च तक ईडी रिमांड पर भेजा, जिसे बाद में 1 अप्रैल तक बढ़ाया गया। कोर्ट ने कहा- ये 100 साल पुराना कानून है, ना कि एक साल पुराना कि याचिकाकर्ता को फंसाने के लिए इसका गलत इस्तेमाल किया गया है।

यह हम नहीं देखेंगे कि किसने किसको चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया और किसने किसको इलेक्टोरल बॉन्ड दिया। यह दावा कि केजरीवाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूछताछ की जा सकती है, इसे खारिज किया जाता है। ये आरोपी तय नहीं करेगा कि जांच किस तरह की जाए।

जांच आरोपी की सुविधा के मुताबिक नहीं की जा सकती है। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सवाल उठाने का मसला है। हम मानते हैं कि गिरफ्तारी और रिमांड की जांच कानून के हिसाब से होगी ना कि चुनाव की टाइमिंग को देखकर।

कोलकाता-पटना और हावड़ा-मुजफ्फरपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

झाझा में ठहराव होने से जमुई के लोगों को भी फायदा, दोनों तरफ से एक ट्रिप चलेगी गाड़ी

जमुई, एजेंसी। रेलवे ने कोलकाता- पटना और हावड़ा -मुजफ्फरपुर के बीच यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन दोनों तरफ से एक-एक ट्रीप चलाई जाएगी। आसनसोल सूचना पदाधिकारी दीप्तिमय दत्त ने बताया कि यह ट्रेन कोलकाता और हावड़ा से आज से एक ट्रीप के लिए चलेगी। 03135 कोलकाता-पटना स्पेशल आगामी 8 अप्रैल को कोलकाता से रात्रि के 11: 55 बजे रवाना होकर अगले दिन 10:15 बजे पटना पहुंचेगी। डाउन में यही ट्रेन संख्या 03136 पटना-कोलकाता स्पेशल आगामी 9 अप्रैल को 12:15 बजे पटना से रवाना होगी। उसी दिन रात्रि के 11:35 बजे कोलकाता पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन बर्धमान में रुकेगी। यह ट्रेन दोनों तरफ से दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा स्टेशन पर रुकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

छपरा-जलना स्पेशल ट्रेन 28 जून तक चलेगी : रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व से चलाई जा रही ट्रेन संख्या 07651-07652 जलना-छपरा-जलना विशेष गाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार किया है। इस ट्रेन से संचालन अवधि विस्तारित होने से छपरा और आसपास के यात्रियों को जलना के बीच यात्रा करने में सहूलियत मिलेगी। जानकारी जनसम्पर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने पत्र जारी करते हुए दी है।

छपरा से जलना के बीच चलने वाली यह एकमात्र ट्रेन : जलना से प्रत्येक बुधवार को चलाई जा रही 07651 जलना-छपरा विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 26 जून तक और छपरा से प्रत्येक शुक्रवार को चलाई जा रही 07652 छपरा-जलना विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 28 जून तक किया गया है। छपरा से जलना के बीच चलने वाली यह एकमात्र ट्रेन है। इस गाड़ी में एसएलआर के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाए जा रहे हैं।

हावड़ा से रात 11:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11:00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी

पीआरओ ने बताया कि 03045 हावड़ा–मुजफ्फरपुर स्पेशल हावड़ा से रात्रि 11 :00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11 :00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। डाउन में यही ट्रेन संख्या 03046 मुजफ्फरपुर–हावड़ा स्पेशल 9 अप्रैल को दिन के 01 :00 बजे मुजफ्फरपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन 1 : 20 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में बंडेल, बर्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा में रुकेगी। उन्होंने बताया कि दोनों विशेष ट्रेनों में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित बोगी होंगे। 03135 कोलकाता–पटना स्पेशल और 03045 हावड़ा–मुजफ्फरपुर स्पेशल की बुकिंग पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध है।

संक्षिप्त समाचार

राइफल, पिस्टल एवं कारतूस के साथ 2 अपराधी गिरफ्तार

नालंदा, एजेंसी। नालंदा की गोखुलपुर थाना एवं रहुई थाना की पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ दो अपराध कर्मियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय अपराधकर्मियों के विरुद्ध पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में गोखुलपुर थाना पुलिस के द्वारा ग्राम शाहपुर में छापेमारी की गई। जहां से हरि यादव के पुत्र शंभू कुमार को लोडेड राइफल, पिस्टल एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार रहुई थाना की पुलिस के द्वारा रहुई थाना क्षेत्र के ओरी मोड़ पर छापेमारी कर ओरी गांव निवासी शंकर राम के पुत्र संजय कुमार को लोडेड देशी पिस्तौल और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में गोखुलपुर थाना अध्यक्ष शिवम कुमार सुमन, रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार, दारोगा देवेंद्र पंडित,शशि रंजन कुमार मिश्रा एवं दोनों थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रहीं। अपराधिकर्मियों के पास से .315 बोर का देशी राइफल, 2 देशी पिस्तौल,.315 बोर की पांच जिंदा कारतूस बरामद की गई। बरामद हथियार कारतूस के आधार पर गोखुलपुर थाना एवं रहुई थाना में अलग-अलग कांड आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

सीबीआई अधिकारी बनकर की ठगी

भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी। प्रखंड के चांदपुर निवासी सुधीर कुमार पांडे ने कहा है कि मेरे मोबाइल नंबर पर 3.35 बजे एक नंबर से कॉल आया। जिसमें उसने अपना नाम विशाल कुमार सीबीआई ऑफिसर बताया। इसे लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में कहा कि आपकी बेटी जो कोलकता में है। वह फ्रॉड केस में गिरफ्तार हो चुकी है। साथ में तीन साथी और हैं। आपकी पुत्री के विरुद्ध कोई सबूत नहीं है। यदि इस केस से आप बचाने का प्रयास कर सकते हैं तो आप मुझे तुरंत 75 हजार रुपये दे दीजिए। उसने मेरी पुत्री की आवाज भी सुनाई। मैने दिये नंबर पर शाम चार बजे सात हजार रुपये भेज दिया।

बड़ों का नहीं करे निरादर: सियाकांत शरण

भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी। प्रेम बहुत सुंदर शब्द है। प्रेम कई प्रकार के होते हैं। माता-पिता से, परिवार से, पति-पत्नी के बीच, गुरु शिष्य के बीच, दोस्ती का प्रेम, प्रेमी प्रेमिका का प्रेम और भागवत प्रेम सभी का अलग-अलग महत्व है। प्रेम निभाने की चीज है। यह बातें शिवनारायणपुर चैती दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचक सियाकांत शरण शंकर महाराज ने कही है। उन्होंने सती चरित्र कथा का वर्णन करते हुए कहा कि बड़ों के आज्ञा का पालन करना चाहिए। उनका निरादर कभी नहीं करें। उन्होंने शि- पार्वती विवाह व ताड़कासुर बध पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों को एक रास्ता दिखाया की कभी भी गलत कार्य नहीं करें। अरुण, दामोदर, चंदन, विजय ने माला पहनाकर कथावाचक का स्वागत किया।

रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा और ईद शांति से मनायें

भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी। रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा और ईद पर्व को शांति से मनाने के लिए सन्हौला थाना परिसर मे थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की हुई। उपस्थिति गणमान्य लोगों से विभिन्न जगहों पर होने वाले कार्यक्रमों का जायजा लिया गया। बताया गया कि चैती दुर्गा में 14 अप्रैल को माता की प्रतिमा की स्थापना के साथ मेला लगेगा। मेला लगाने से पहले मेड़पति और आयोजक थाने में आवेदन के साथ 20 लोगों के आधार कार्ड व मोबाइल नंबर देने का निर्देश दिया गया।

भागलपुर में बम से हड़कंप; सड़क किनारे प्लास्टिक में लिपटा मिला, सीसीटीवी से सुराग तलाश रही पुलिस

भागलपुर , एजेंसी। भागलपुर जिले के हुसैनाबाद इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब सड़क किनारे पॉलीथीन में लिपटा बम मिला। जिसके बाद इलाके के लोगों में दहशत है। बबरगंज थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद में रविवार की रात सड़क किनारे बम मिलने से सनसनी फैल गई। रात साढ़े नौ बजे पुलिस को बम मिलने की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर बबरगंज थानेदार रविशंकर सहित अन्य पदाधिकारी वहां पहुंचे। सड़क किनारे पन्नी में लपेटा हुआ बम मिला। पुलिस तुरंत इसकी सूचना वरीय अधिकारी को दी गई। उसके बाद बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि असामाजिक तत्वों ने दहशत फैलाने के लिए वहां पर बम रखा है। आस-पास कई लोगों से पूछताछ की गई पर बम रखने वाले की पहचान नहीं हो सकी। वहीं पुलिस वहां पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। चुनाव का समय होने की वजह से पुलिस सतर्क है। हालांकि अभी तक इस बात की जानकारी नहीं लग लगी है। कि बम रखने वाले आरोपी कौन हैं।

भाई के सामने बहन की तालाब में डूब कर मौत

पानी छूने के दौरान फिसला पैर, गहरे पानी में जाने से मासूम बच्ची की हुई मौत

नालंदा, एजेंसी। नालंदा में रविवार को पानी भरे तालाब में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई। मामला इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इचहोस तकिया पर गांव का है। मृतका की पहचान उपेंद्र सपेरा की (10) वर्षीया पुत्री प्रीती कुमारी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर पुलिस की मदद से बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतका के पिता उपेंद्र सपेरा ने बताया कि उनकी बेटी शौच के लिए गांव के तालाब के पास ही गई थी। पानी छूने के दौरान उसका पैर फिसल गया और तालाब में जा गिरी। तालाब गहरा और पानी भरा होने के कारण वह उसमें डूब गई। इसकी सूचना उनके बेटे निर्मल ने घर आकर बताया इसके बाद आसपास के लोग तालाब के पास पहुंचे और घंटों मसशक्त के बाद उनकी बेटी के शव को तालाब से बाहर निकाला जा सका। मृतका दो बहनों में छोटी जबकि भाई से बड़ी थी। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह गांव के तालाब के पास खेलने गई थी। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। उपेंद्र सपेरा मजदूरी कर अपने परिवार का लालन-पालन कर रहे हैं। इस मामले में इस्लामपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि तालाब में डूबने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

होली के बाद अब ईद पर भी जारी रहेगी शिक्षकों की ट्रेनिंग, इमारत-ए-शरिया ने सीएम नीतीश को लिखा पत्र

पटना , एजेंसी। बिहार में शिक्षा विभाग ने अब होली के बाद ईद के मौके पर भी शिक्षकों की आवासीय ट्रेनिंग रख दिया है. छह दिवसीय प्रशिक्षण में 19000 के करीब शिक्षकों को शिक्षा के नवाचारों से प्रशिक्षित किया जा रहा है. प्रदेश के सभी 6 लाख शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है और ट्रेनिंग सेंटर की संख्या को देखते हुए एक बैच में लगभग 19000 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है. एससीईआरटी की ओर से चरणवार तरीके से शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण करा रहा है. शिक्षा विभाग ने यह ट्रेनिंग 8 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच निर्धारित की है और यह आवासीय प्रशिक्षण है. होली के मौके पर भी यह प्रशिक्षण जारी था. गुड फ्राइडे के मौके पर भी यह प्रशिक्षण जारी था. तमाम शिक्षक संगठनों ने और विभिन्न राजनेताओं ने होली के समय भी इसे आगे बढ़ाने के लिए पत्र लिखा था लेकिन विभाग ने बात नहीं सुनी थी. अब 10 अथवा 11 अप्रैल को ईद है. ऐसे में कई मुस्लिम शिक्षकों ने इमारत ए सरिया फुलवारी शरीफ को रविवार को फोन किया. कई शिक्षकों ने इमारत के पदाधिकारी से मुलाकात की और इमारत ने भी इसे गंभीरता से लिया है.

इमारत–ए–शरिया ने सीएम को लिखा पत्र

इमारत ए शरिया के कार्यवाहक नाजिम मौलाना शिबली अल कासमी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शिक्षा मंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखा है.पत्र में उन्होंने लिखा है कि ईद के मौके पर देश भर में छुट्टियां रहती हैं और ईद मुसलमान का सबसे बड़ा पर्व है. उन्होंने सरकार से पूछा है कि ऐसे में ईद के दिन मुस्लिम शिक्षक ट्रेनिंग कैसे कर सकते हैं. मुस्लिम शिक्षक परिवार के साथ ईद की खुशियां कैसे मना सकेंगे. उन्होंने सरकार को कहा है कि आवासीय ट्रेनिंग की तारीख को आगे बढ़ा दिया जाए ताकि सभी शिक्षकों को आसानी हो जाए और वह परिवार के साथ खुशियां मना सके.

नवरात्र के समय मां आशापुरी मंदिर में तंत्र विधि से होती है पूजा, वर्षों से चली आ रही परंपरा

नालंदा, एजेंसी। चैत्र नवरात्र का पर्व महादेवी को समर्पित है। इस दौरान दुर्गा माता के नौ स्वरूपों की अलग-अलग दिन पूजा की जाती है। इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल से हो रही है। ऐसा माना जाता है कि जो साधक इस व्रत के सभी नियमों का पालन करते हैं उन्हें मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है साथ ही जीवन में खुशहाली बनी रहती है। वहीं नालंदा में एक देवी मंदिर ऐसा है जहां इन नौ दिनों तक महिलाओं का प्रवेश वर्जित कर दिया जाता है। जिला मुख्यालय बिहार शरीफ से 15 किलोमीटर दूर गिरियक प्रखंड के घोषरामा गांव में मां आशापुरी मंदिर हैं। इस मंदिर में महिलाओं का अंदर प्रवेश करने पर नवरात्रि के समय पाबंदी लगा दी जाती है यह नियम चैत्र नवरात्र और आसान माह नवरात्र के समय लागू रहता है।

क्या कहते हैं पुजारी

मंदिर के पुजारी चिरंजीव कुमार उपाध्याय बताते हैं कि 9 दिवसीय यहां अखंड व्रत चलता है और यहां सभी जगह वसंत नवरात्रि मनाया जाता है। यहां अलग ढंग से नवरात्री मनाया जाता है। यहां तीनों गुण से पूजा होती थे। सतोगुण रजोगुण तमोगुण, यहां तीन तरह के सात्विक दही दैविक, भौतिक यह तीन सुखों के लिए किया जाता है।

वाममार्गी जो पूजा है वह इसलिए स्त्रियों को प्रवेश वर्जित रखा जाता है कि किसी समय वह अपवित्र हो जाती है। दूसरी तंत्र साधना में नारियों को निषेध माना गया है। इसलिए महिलाओं को नवरात्रि के मौके पर प्रवेश वर्जित रखा गया है। नवरात्रि की तैयारी अभी से की जा रही है सात्विक आहार ले रहे हैं, सात्विक भोजन कर रहे हैं, सात्विक विचार है, सात्विक सोच है और सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया,इसी शब्दों के साथ कल्याणमयी वातावरण 9 दिवसीय गूंजता रहता है।

मां के नाम पर पड़ा गांव का नाम

मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण राजा घोष के द्वारा करवाया गया था। इसलिए इस गांव का नाम घोषरामा पड़ा। क्योंकि इस इलाके में आशापुरी मां स्वयं प्रकट हुई थी और जिस स्थान पर प्रकट हुई वहां पर मंदिर का निर्माण करवाया गया है। पौराणिक प्रथा के अनुसार इस मंदिर का नाम आशापुरी रखा गया है। क्योंकि यहां बौद्ध काल में 1800 बौद्ध भिक्षु आकर अपनी मनोकामना पूर्ण करते थे। आदिकाल से ही इस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश नवरात्रि के समय वर्जित है यहां पर दूर दराज से तांत्रिक माता के दरबार में सिद्धि करने आते हैं।

पालकालीन हैं मूर्तियां

मां आशापुरी मंदिर में माता का सिद्धिदात्री का स्वरूप है। माता का मंदिर पाल कालीन माना जाता है। इस मंदिर में आशापुरी देवी की दो मूर्तियों के साथ शिव पार्वती और भगवान बुद्ध की कई मूर्तियां हैं यहां की सभी मूर्तियां काली है। मंदिर की परंपरा ना टूटे और महिलाओं की पूजा भी ना रुके इस वजह से मंदिर के प्रांगण में अलग से मंदिर का निर्माण कराया गया है। नवरात्रि में यहां आकर महिलाएं पूजा अर्चना करती है।

दो ऑटो की टक्कर में दो युवक की मौत:मुजफ्फरपुर में ऑटो की भिड़ंत में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

इलाज के लिए ले जाते समय युवकों ने तोड़ा दम

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मुजफ्फरपुर में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर सामने आया है। ताजा मामला मीनापुर थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के पास का है। जहां एक ऑटो ई रिक्शा और डाला टेंपू में हुई सीधी भिडंत में ई रिक्शा सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज लाने के क्रम में एक युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे युवक ने इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। वही, इस सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही दोनों युवकों के परिजनों में हड़कंप मच गया है। भीषण सड़क हादसे में दो युवक की मौत के बाद पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया है। हादसा इतना जोरदार था कि दोनों ऑटो की भिडंत में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए है।

पूरी घटना जिला के मीनापुर थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड के पास की बताई जा रही है। देर शाम हुई इस सड़क हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। जहां इस हादसे में गंभीर रूप में घायल दोनों युवकों को स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए स्यस्क्ष्ट॥ में भेजा गया जहां दोनों ने युवकों ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। इस सड़क हादसे में मृत युवकों की पहचान मीनापुर थाना क्षेत्र के तालिमपुर के निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार और 23 वर्षीय छोटेलाल कुमार के रूप में किया गया है। पुलिस मामले में आगे की करवाई में जुटी हुई है। जहां दोनों शव को कब्जे में लेकर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के मोर्चरी में भेज दिया गया है।

केंद्रीय विद्यालय ने घटाई एडमिशन की सीटें :अब 40 की जगह सिर्फ 32 सीटों पर ही होगा आवेदन

राज्य बदलने पर प्राइवेट जॉब वालों के बच्चों को नही मिलेगा ट्रांसफर

पटना, एजेंसी। बिहार के 49 केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस बार पैरेंट्स को अपने बच्चों के एडमिशन में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि केवी ने हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दी हैं। वहीं बच्चों की ट्रांसफर पॉलिसी में भी बदलाव किया है। स्कूल की ओर से जारी एडमिशन नोटिफिकेशन के अनुसार अब हर क्लास में सिर्फ 32 सीटों के लिए ही नामांकन होगा। इससे पहले तक प्राइमरी से हायर सेकंडरी तक हर क्लास में 40 सीटें होती थीं।

नई शिक्षा नीति के तहत किया गया बदलाव

केंद्रीय विद्यालयों में हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं, सीटें घटने से अब मुश्किल होगी। वहीं, बच्चों के ट्रांसफर पॉलिसी में बदलाव के तहत सबसे ज्यादा असर प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे पैरेंट्स पर पड़ेगा। प्राइवेट सेक्टर की नौकरी कर रहे पेरेंट्स का राज्य के बाहर ट्रांसफर होने पर बच्चों को दूसरे राज्य के स्कूल में ट्रांसफर नहीं मिलेगा।

पटना स्थित केंद्रीय विद्यालय रीजनल ऑफिस की सहायक आयुक्त सोमा घोष ने बताया कि यह निर्णय नई शिक्षा नीति के तहत लिया गया है। KV में अधिक संख्या में छात्र होने से उन पर पूरी तरह ध्यान दे पाना संभव नहीं होता है और उनकी क्षमता घट जाती है। इसलिए सीटों में कटौती संब-ंधी यह निर्णय लिया गया है।

ट्रांसफर पॉलिसी का लाभ सिर्फ सरकारी नौकरी वालों को

केंद्रीय विद्यालय में सरकारी नौकरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों के बच्चों को एडमिशन दिया जाता है। अगर पेरेंट्स का कहीं और ट्रांसफर होता है तो बच्चों को भी इंटर-स्टेट ट्रांसफर की सुविधा मिलती थी। अब इसमें बदलाव किया गया है। पहले सीटें खाली होने पर सभी पेरेंट्स के बच्चों को ट्रांसफर की सुविधा थी। अब सिर्फ सरकारी नौकरी में पदस्थ पेरेंट्स के बच्चों को ही ये सुविधा मिलेगी। प्राइवेट नौकरी में काम कर रहे लोगों के बच?चों को स?टेट ट्रांसफर की सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा।

ससुरङ्कबहू की बेहरमी से पिटाई :पड़ोसी युवक बहू पर कर रहा था टोनबाजी

आरा(भोजपुर), एजेंसी। भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव में रविवार को महिला पर टोनेबाजी करने का विरोध करने पर ससुर और बहू की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। इस घटना में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद परिजनों के द्वारा आननङ्कफानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। ज़ख्मियों में संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव निवासी स्वर्गीय गजाधर रजक के 60 वर्षीय पुत्र विश्वकर्मा रजक और उनकी बहू अभिनाश रजक की 35 वर्षीय पत्नी अनिता देवी है।

संक्षिप्त समाचार

शिक्षा से ही समाज का विकास संभव : एच एम नीरज

वीरपुर बेगूसराय। बीपीएस प्लस टू विद्यालय वीरपुर में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के एचएम नीरज कुमार,शिक्षा प्रेमी राजाराम चौधरी व प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया।जिसमें छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।इस वर्ष की मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड टॉपर रहे विद्यालय के छात्र मनीष राज व इंटरमीडिएट परीक्षा में तीनों संकायों में बेहतर उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।इसके अलावा वर्ग नवम् व ग्यारहवीं में बेहतर अंक हासिल करने व विद्यालय के शैक्षणिक व सह शैक्षणिक कार्यो में बेहतर योगदान देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में शिरकत किए अतिथियों व शिक्षकों ने उक्त सभी बच्चों को मोमेंटो,मेडल,व प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया।जिससे बच्चे खिल उठे।साथ ही अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी हुआ।नए सत्र में बच्चों का नामांकन हो,तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर एचएम नीरज कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की उपलब्धियों को बताया।कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव हो पाएगा।उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से छात्रों को काफी लाभ मिलेगा।शिक्षा प्रेमी राजराम चौधरी व प्रभात कुमार ने कहा विद्यालय के माहौल में काफी बदलाव आया है।जिससे यहां का रिजल्ट शानदार रहा।शिक्षिका अलका कुमारी,आरती कुमारी,कविता कुमारी ने कहा कि बच्चों के अंदर प्रतिभा की कोई कमी नहीं है,उसे सिर्फ निखारने की जरूरत है।जो सभी शिक्षक व शिक्षिका मिलकर कर रहे हैं और।पूर्ववर्ती छात्र सुमन कुमार ने कहा कि एक विद्यालय के बेहतर माहौल ही बेहतर रिजल्ट देता है।इसे बरकरार रखने की जरूरत है। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत व शिक्षा गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एचएम नीरज कुमार व संचालन शिक्षक राजेश कुमार ने किया। मौके पर शिक्षिका अनीता कुमारी शिक्षक पुनीत चौधरी, कन्हैया कुमार बलबीर मो.रकीम, अर्जुन, मृत्युंजय, प्रशांत, मानस आदि मौजूद थे।

बखरी के डरहा मे मंत्रोच्चार के साथ गूंज मान्य हुआ क्षेत्र

बखरी बेगूसराय। मंगलवार से चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो गया है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि आरंभ हो जाती है। चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ होने के साथ ही नया हिंदू वर्ष भी आरंभ होता है। चैत्र नवरात्रि पर लगातार 9 दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना और मंत्रोचार किया जाता है।चैति दुर्गा पूजा समिति डरहा के अध्यक्ष राजकुमार राय ने बताया कि कलश स्थापना के साथ ही नौ दिन तक विधि विधान के साथ पहली

पूजन मां शैलपुत्री दुर्गा पाठ से आरंभ हो गई यह पूजा लगातार 9 दिनों तक जारी रहेगी। वही पंचायत के मुखिया योगेन्द्र राय ने कहा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी काफी मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर है और लगने वाले मेले को लेकर डरहा गांव के अलावा आस-पास के क्षेत्रों में भी उत्साह देखा जा रहा है और पंडाल का तैयारी किया जा रहा। मंदिर परिसरों उसके आस पास साफ -सफाई का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेला 1918 से डरहा गांव मे धूमधाम के साथ मनाया जाता है। साथ ही मेला 9 के दिन भक्ति जागरण ,नाटक आदि का कार्यक्रमों का आयोजन किए जाते हैं जिसमें बखरी क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भाग लेते हैं।

बाइक की ठोकर से घायल की स्थिति चिंताजनक

बरौनी/ बेगूसराय। बरौनी थाना क्षेत्र के असुरारी गाछी टोला के समीप एनएच 28 पर शाम के समय बाइक की ठोकर से वार्ड सदस्य उजाला सिंह और बाइक चालक शिवम कुमार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए । पुलिस और ग्रामीण के मदद से दोनों घायलों को बरौनी psc मैं भर्ती कराया गया । जहां उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के

लिए तत्काल बेगूसराय रेफर कर दिया गया । उजाला सिंह की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। इधर पीड़ित के पुत्र बिट्टू कुमार द्वारा बरौनी थाना मैं आवेदन देकर कांड संख्या 146/24 के तहत बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया गया है । पीड़ित परिजन ने अपने आवेदन में पुलिस को बताया है कि उसके पिता उज्जवल सिंह अपने दरवाजे पर बैठे हुए थे। तभी बरौनी प्रखंड के तरफ से जीरो माइल की ओर तेज गति से जा रहा बाइक BR09 के 5785 पर सवार पिपरा देवस बाबा स्थान निवासी सुरेश शाह के पुत्र शिवम कुमार ने मेरे पिता को ठोकर मार दी । बरौनी थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल से बाइक को जप्त कर लिया है। वहीं घटना को लेकर स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। की बाइक चालक अपने दरवाजे पर बैठे उज्जवल सिंह को दरवाजे पर चढ़कर ठोकर मार दी, या फिर उज्जवल सिंह सड़क पर ही बैठे थे या घूम रहे थे। अब मामला जो भी हो पुलिस अनुसंधान में जुटी है। यूं तो इन दिनों वाहनों के कहर में आए दिन आए दिन घटनाएं होती ही रहती है। कितने को तो जान से हाथ होना पड़ा है। कितने अपाहिज बनकर अपने घरों में जीने को मजबूर हैं। कितने बहनों की सुहाग उजर गई तो कितने माओ का गोद खाली हो गई , कितने बहनों ने अपना भाई खो दिया। लेकिन वाहनों का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा। चाहे गलतियां किसी का हो?

ट्रेन से कटकर एक युवक की हुई मौत , परिजनों में मजा कोहराम

बछवाड़ा (बेगूसराय)। सोनपुर मंडल के हाजीपुर बछवाड़ा रेल खंड के मोहिउद्दीन नगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई । ट्रेन से कटकर युवक के मौत की खबर समूचे स्टेशन परिसर में जंगल की आग की तरफ फैल गया व देखने वाले लोगों की भीड़ जमा हो गई। जमा रेल यात्रियों द्वारा घटना की सूचना मोहिउद्दीन नगर स्टेशन अधीक्षक को दी गई । स्टेशन अधीक्षक द्वारा घटना की सूचना जीआरपी थाना पुलिस बछवाड़ा को दी गई । ट्रेन से कटकर मौत होने की खबर मिलते ही जीआरपी थाना बछवाड़ा तक्षण घटनास्थल मोहिउद्दीन नगर रेलवे स्टेशन पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया व मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दिया । पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया है । मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के मोहनपुर ओपी थाना क्षेत्र के मांझा दशहरा गांव निवासी कमल राय का 33 वर्षीय पुत्र विधान कुमार के रूप में की गई है । परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक किसी काम से मोहिउद्दीन नगर रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 03379 अप बरौनी पटना ट्रेन पड़कर अक्षयवट रायनगर स्टेशन जाने के दौरान पैर फिसल जाने के कारण ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उक्त युवक की ट्रेन से कटकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई । मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहरा मच गया । मामले को लेकर जीआरपी थानाध्यक्ष बछवाड़ा अखिलेश्वर शर्मा ने बताया कि मोहिउद्दीन नगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई । मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है । आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

हिंदू नववर्ष के मौके पर बखरी में निकाली गई प्रभात फेरी

चाण्क्य भूमि

हिंदू नव वर्ष के मौके पर बखरी में प्रभात फेरी निकल गई। आरएसएस के स्वयंसेवक व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया—बहनों द्वारा संयुक्त रूप से निकल गई प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय परिसर आकर संपन्न हुई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने हिंदू नव वर्ष मनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया।स्वागत में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की। इससे पूर्व विद्यालय परिसर में परंपरा अनुसार आद्य सर संचालक प्रणाम कर शाखा लगाई गई । उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए आरएसएस के जिला संचालक मंनोरंजन कुमार वर्मा ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 ही हमारा नव वर्ष है।यह दिन श्रृष्टि रचना का पहला दिन है।वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है।जो उल्लास, उमंग खुशी का त्योहार है। इसी दिन संघ के संस्थापक पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिवस भी है।नगर कार्यवाह सह विद्यालय के सचिव अविनाश "पन्नू " ने हिंदू नव वर्ष के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे हिंदी कैलेंडर में चैत्र मास से वर्ष की शुरूआत होती है।इस दौरान हमारे शरीर में आंतरिक एवं बाह्य परिवर्तन होता है। त्वचा में नई सेल्स का निर्माण होता है।चैत्र वैशाख आदि महीने सभी ग्रह नक्षत्र को दर्शाती है। पेड़—पौधे में पतझड़ के बाद नई कलियां खिलती है। मधुरमय वातावरण होता है।यह हमारे नव वर्ष की विशेषता है।पश्चात संस्कृति को भूलकर हम सभी हिंदू नववर्ष को अपनाए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विश्वनाथ यादव, जिला बौद्धिक प्रमुख मुरारी ठाकुर, ग्रामीण खंड कार्यवाह मनोज कुमार,सहकार्यवाह नीरज कुमार, प्रिंस सिंह परमार, अनुभव आनंद, जयशंकर जायसवाल, समीर श्रवण, संतोष साह, कृष्णा पोद्दार, नयन कुमार, ज्ञानू नारायण, आचार्य गोपेश झा, सोमेश कुमार, मनोज कुमार साहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक मौजूद थे।

वैदिक नववर्ष के उपलक्ष में यज्ञ का आयोजन

चाण्क्य भूमि

अभेदानंद आश्रम,आर्य समाज मंदिर बारो में वैदिक नववर्ष के उपलक्ष में यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य यजमान पद पर गोविंद आर्य एवं शौर्य आर्य विराजमान थे। आचार्य अरुण प्रकाश आर्य एवं भूपेंद्र आर्य द्वारा यज्ञ को संपन्न कराया गया। वैदिक नव वर्ष का एक विशेष महत्व है, सृष्टि की रचना 1,96,08,53,125 वर्ष पूर्व इसी दिन प्रारंभ हुई थी, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का राजया अभिषेक नव वर्ष को ही हुआ था। महर्षि दयानंद सरस्वती आर्य समाज की स्थापना 150 वर्ष पूर्व इसी दिन किए थे ,आर्य समाज बारो का स्थापना 90 वर्ष पूर्व अभेदानंद जी के द्वारा इसी दिन किया गया था ,वैदिक धर्म में चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को नवसंवत की शुरुआत होती है. इसे भारतीय नववर्ष भी कहा जाता है। . इसका आरंभ विक्रमादित्य ने किया था. इसलिए इसे विक्रम संवत भी कहा जाता है। . इस समय से ऋतुओं और प्रकृति में परिवर्तन भी आरंभ होता है. ऐसी मान्यताएं हैं कि इसी पवित्र मास की नवमी तिथि को प्रभु राम का भी जन्म हुआ था. इसलिए चैत्र का महीना परमफलदायी माना गया है। . इसके साथ चैत्र नवरात्रि भी शुरू हो जाते हैं। इस मौके पर जिला आर्य सभा बेगूसराय के प्रधान श्री शिव जी आर्य, उप प्रधान मायाराम साहू आर्य समाज बारो के प्रधान रविंद्र नाथ आर्य, मंत्री सुधीर आर्य,ओमप्रकाश आर्य, भूपेंद्र आर्य, , ,धर्मेंद्र आर्य, राजेंद्र आर्य, शैल देवी,अंजलि, अमीषा शाहिद भारी पैमाने पर ग्राम वासी उपस्थित थे।

जल स्वच्छता व मोटा अनाज के पैदावार पर बढ़ावा देने की जरूरतः प्रियंका झा

चाण्क्य भूमि

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय भारतसरकार के पर्यावरण विशेषज्ञ प्रियंका झा ने बिहार के आधिकारिक भ्रमण के क्रम में सोमवार को बेगूसराय जिले के बछवाड़ा प्रखंड के रानी 2, मरांची, झमटिया घाट के अलावा विभिन्न गाँव में तालाब व कुआं के जल की जांच पड़ताल की। इसके साथ ही उन इलाकों में हो रही प्राकृतिक खेती का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती में वृद्धि लाने का निर्देश देते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया।श्रीमती झा ने जलज के माध्यम से गंगा से सटे किसानों, गंगा आश्रित की स्थिति को मजबूत करने के लिए सकल घरेलू उत्पाद को गति के उपाय बतायी। उन्होंने मोटा अनाज, लोकल प्रोडक्ट, प्राकृतिक फूड आइटम्स, बर्मी कंपोस्ट, बांस के पैदावार व उसके उत्पाद,

अगरबत्ती उद्योग के बढ़ावा देने को लेकर सुझाव दिया। वहीं इन उत्पादों व पैदावार का संग्रह केंद्र खोलने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संग्रह केंद्र खुलने से किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं प्राकृतिक खेती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके बढ़ावा देने में जल प्रदुषण में भी कमी आएगी। बछवाड़ा प्रखंड क्षेत्र भ्रमण में उनके साथ में जिला परियोजना पदाधिकारी बेगूसराय विपुल कुमार सिंह, कामिनी जी, विभा जी, भारतीय वन्यजीव संस्थान के (जलज असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर), कुणाल कुमार सिंह, गंगा प्रहरी निशांत कुमार, आनंद मोहन वअभिनन्दन कुमार सहित अन्य लोगों मौजूद थे।

आकांक्षी प्रखंड में हुआ पीएमएसएमए का आयोजन

चाण्क्य भूमि

तेघरा स्थित अनुमंडल स्वास्थ्य केंद्र तेघड़ा पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज विशेष कैंप का आयोजन किया गया। ताकि गर्भवती महिलाओं को विशेष जांच सेवा व उचित परामर्श प्रदान किया जा सकें। जच्चा-बच्चा के सुरक्षा के लिए गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व जांच कराना आवश्यक है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर लगाकर चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गयी। साथ ही उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को फल व पौष्टिक आहार का भी वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राम कृष्ण चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय चौधरी, बीएचएम सुवीर कुमार पंकज, बीसीएम शारदा कुमारी, जीएनएम रतिरानी,,पिरामल फाउंडेशन टीम के दीपक मिश्रा,दीपक कुमार ,अर्पित पाल पूनम मिश्रा मोजूद थे।मौके पे प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डाक्टर राम कृष्ण ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। नीति आयोग के स्वास्थ्य सूचनाक में भी गर्भावस्था की चार से अधिक जांच और सथागत प्रसव को बढ़ावा देने पे जोड़ दिया जाता हे ताकि जच्चा और बच्चा दोनो सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि अत्यधिक रक्तस्त्राव से महिला की जान जाने की संभावना सबसे अधिक होती है। प्रसव पूर्व जांच में यदि खून की कमी होती है तब ऐसी महिलाओं को आयरन की गोली के साथ पोषक पदार्थों के सेवन के विषय में सलाह भी दी जाती है।

अगलगी से बचाव हेतु सलाह (Advisory)

चाण्क्य भूमि

बेगुसराय प्रशासन ने जिलावासियों को बताया कि गर्मी के मौसम की शुरूआत हो चुकी है। पछुआ हवा भी चल रही है। ऐसे में गर्मी के मौसम में ज्यादातर गांवों में अगलगी की घटनाओं की संभावना बढ़ गयी है। आग से हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल की भारी क्षति पहुँचती है तथा सब कुछ पूरी तरह से बर्बाद हो जाता है। हम सब इसे रोक सकते हैं अगर हम थोड़ी सी सावधानी बरतें।

अतएव अग्निकांड से बचाव हतु जनसाधारण को निम्नानुसार सलाह दी जा रही हैः-

अगलगी से बचाव हेतु उपायः- दिन का खाना 9 बजे सुबह से पूर्व तथा रात का खाना शाम 6 बजे तक बना लें। कटनी के बाद खेत में छोड़े डंठलों में आग नहीं लगावें। हवन आदि का काम सुबह निपटा लें। भोजन बनाने के बाद चूल्हे की आग पूरी तरह से बुझा दें। रसोई घर यदि फूस का हो

तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य कर दें। रसोई घर की छत उँची रखी जाये। आग बुझाने के लिए बालू अथवा मिट्टी बोरे में भरकर तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। दीपक (दीया), लालटेन, मोमबत्ती को ऐसी जगहों पर न रखें जहाँ से गिरकर आग लगने की संभावना हो। शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय-समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम एवं निगरानी अवश्य करते रहें। घर में किसी भी उत्सव के लिए लगाये कनात अथवा टेण्ट के नीचे से बिजली के तार को न ले जाये। जलती हुई माचिस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पीकर इधर-उधर न फेकें। जहां पर सामूहिक भोजन इत्यादि का कार्य हो रहा हो, वहां पर दो से तीन ड्रम पानी अवश्य रखें। भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय नहीं करें। खाने बनाते समय ढीले-ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े पहनकर खाना ना बनायें, हमेशा सूती कपड़ा पहन कर ही खाना बनायें। सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। ग्रामीण क्षेत्रों में हरा गेहूँ, खेसारी, छिमी भी बच्चे लाकर भूनते है। ऐसे में आग लगने से बचने के लिए उन पर निगरानी रखें। आग लगने पर समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। फायर बिग्रेड (101 नम्बर) एवं प्रशासन को तुरंत सूचित करें एवं उन्हें आग बुझाने में सहयोग करें।

आपात स्थिति में सम्पर्क करें- जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र (DEOC), बेगूसराय 9279808780 अग्निशमन मोबाईल नम्बर,

नगर निगम क्षेत्र एवं बेगूसराय अनुमण्डल क्षेत्र - 7485805944,7485805945

मंझौल अनुमण्डल क्षेत्र- 7485805946, 7485805947

बखरी अनुमण्डल क्षेत्र - 7485805948, 7485805949

बरौनी प्रखंड क्षेत्र - 7485805950, 7485805951

तेघड़ा अनुमण्डल क्षेत्र - 7485805952, 7485805953

बलिया अनुमण्डल क्षेत्र- 7485805954, 7485805955

नोटः आपात स्थिति में संबंधित अंचल अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

मस्जिदों व ईदगाह में करें नमाज अदा एसडीएम

ईद के दिन शान्ति बहाल को लेकर प्रशासन का रहेगा नज़र डीएसपी

चाण्क्य भूमि

बखरी अनुमंडल सभागार में ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने की है.शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम श्री सौरव ने कहा कि बखरी अनुमंडल क्षेत्र के लोग काफी ही बुद्धिजीवी हैं.जिन्होंने हर पर्व में अपनी एकता व अखंडता को बरकरार रखते हुए एक मिसाल पेश करने का काम करते रहे हैं. उन्होंने कहा कि ठीक ईद पर्व को भी उसी तरह भाईचारा का संबंध स्थापित करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व को मनाए.कहा कि आदर्श आचार संहिता को देखते हुए अपने अपने मस्जिदों व ईदगाह में ईद की नमाज को अदा करे, किसी भी प्रकार के विवाद से बचने की सलाह दी है. साथ ही कहा कि ईद के दिन मस्जिद व ईदगाह के आसपास नगर तथा प्रखंड प्रशासन के द्वारा साफ सफाई किए जाने की बात कही गई. वही एसडीपीओ कुंदन कुमार ने बताया कि ईद के दिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगी. मौके पर अनुमंडल के तीनों प्रखंड के सभी पदाधिकारी समेत राजनैतिक व सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद थे.

बीडीओ व थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पारा मिलिट्री फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च, भयमुक्त चुनाव हेतु शांति व्यवस्था कायम रखने का दिया संदेश

चाण्क्य भूमि

आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के संदेश को लेकर इलाके में फ्लैग मार्च तेज कर दिया गया है। इस क्रम में बीडीओ रामपुकार यादव व थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में पारा सशस्त्र मिलिट्री फोर्स द्वारा सोमवार की देर शाम तक सघन फ्लैग मार्च किया। इस दौरान जवानों ने आचार संहिता को लेकर शांति व्यवस्था कायम रखने की प्रतिबद्धता दिखी। पारा मिलिट्री फोर्स का जत्था छौड़ाही बाजार से ऐजनी, नारायणपीपर, एकम्बा होते हुए हरेरामपुर के रास्ते मालपुर, शाहपुर आदि गांव के मार्गो पर लोगों से भयमुक्त तथा बिना दबाव के चुनाव में वोट देने तथा शांति बनाए रखने एवं विधि व्यवस्था में सहयोग करने की अपील करते दिखे। जिससे कि मतदाता आगामी 13 मई को निडरता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

प्रवेशोत्सव को सफल बनाने के लिए निकाली गई जागरुकता रैली

चाण्क्य भूमि

बिहार शिक्षा परियोजना के अंतर्गत 'प्रवेशोत्सव' विशेष नामकरण अभियान की सफलता के लिए जागरूकता रैली माध्यमिक विद्यालय तेघड़ा बाजार से निकाली गई. जिसमें वर्ग 8 वीं पास एवं 06 से 14 आयुवर्ग के बच्चों को विद्यालय में नामांकन के लिए जागरूक किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 8 वीं पास नौवीं कक्षा में कदम रखे, जिससे उनके मौलिक अधिकार की प्राप्ति संभव हो सके. उक्त रैली में पिरामल फाउंडेशन की टीम के सदस्य सह प्रोग्राम लीड दीपक मिश्रा दीपक कुमार, गांधी फैलो अर्पित पाल, आदि शामिल हुईं. उक्त टीम के सदस्य श्री मिश्रा ने बताया हम समुदायों के साथ जुड़ रहे हैं. तथा उच्च शिक्षा का समर्थन के साथ आजीवन सीखने के रास्ते खोल रहे हैं. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के इस महत्वपूर्ण एसडीजी 4 लक्ष्य को आगे बढ़ाने में हमारे साथ जुड़ें. साथ ही अर्पित पाल के द्वारा Read Along एप्लीकेशन के बारे में बच्चों को समझाया गया, उक्त जागरूकता रैली पूरे पोषक क्षेत्र का भ्रमण कर पुनः विद्यालय पर आकर संपन्न हो गयी. मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यपक संजीत कुमार शिक्षक संजय कुमार चौधरी ज्योत्सना, कुमकुम सिन्हा, सविता कुमार, फिदाए रसुस एवम त्रिपुरारी आदि उपस्तित थे वा बाल सांसद रानी कुमारी मीना मंत्री डाली कुमारी का कार्यक्रम में अच्छा योगदान रहा,

मझौलिया के पहलवान रामबाबू ने उड़ीसा में जीता गोल्ड मेडल

चाण्क्य भूमि(कनक लता)

बेतिया। उड़ीसा राज्य के पुरी शहर में आयोजित नेशनल कम्बैट कुश्ती प्रतियोगिता के 86 किलोग्राम वर्ग में कुश्ती प्रतियोगिता में बखरिया पंचायत वार्ड नंबर 7 कुर्मी टोला निवासी रामेश्वर यादव के पुत्र रामबाबू पहलवान ने गोल्ड मेडल जीत कर जिला को गौरवान्वित किया है। गोल्ड मेडल प्राप्त वापस अपने घर लौट रहे रामबाबू पहलवान का सुगौली स्टेशन पर समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में समाजसेवी एकबालि राम, नगीना यादव भोला साह उपेंद्र साह राजू यादव, पूर्व सरपंच मनोज पटेल सरपंच पति

जश्न मनाते ग्रामीण

पूरण दास लोजपा जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी भाजपा अध्यक्ष प्रिंस चौबे बृजेश यादव अशोक यादव

• जीत पर ग्रामीणों में खुशी की लहर

मनोज यादव ने फूलमाला पहनाकर अंग वस्त्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। रामबाबू पहलवान ने अपनी जीत का श्रेय अपने पिता रामेश्वर यादव माता कलावती देवी तथा हनुमान अखाड़ा परसा के अध्यक्ष फौजी राणा पहलवान एवं कोच बाबा सुमंत दास मार्गदर्शक भगत सिंह पहलवान , नव नियुक्त रेफरी विकास पहलवान को दिया है। बताते चले की इसी प्रतियोगिता में 60 किलो वर्ग में दिव्यांशु पहलवान ने ब्रांच पदक जीत कर सम्मान बढ़ाया है। बताते चले की पिछले वर्ष हनुमान अखाड़ा परसा अखाड़े के पहलवान भूषण पहलवान ने राष्ट्रीय स्तर पर 52 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। नवनियुक्त रेफरी तथा हनुमान अखाड़ा परसा के गुरु विकास सिंह ने अपने पहलवानों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए सरकार से कुश्ती प्रतियोगिता को जीवंत रखने के लिए सरकारी स्तर पर व्यायाम शाला की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। रामबाबू पहलवान की उपलब्धि पर माता कलावती देवी और पिता रामेश्वर यादव ने कहा है कि उनके पुत्र ने उनका मान सम्मान बढ़ाया है। रामबाबू पहलवान के घर आने पर पंचायत वासियों द्वारा भव्य पैमाने पर स्वागत किया गया।

नरकटियागंज व बगहा में भीषण अगलगी,लाखो की क्षति

चाण्क्य भूमि(सौरभ कुमार)

योगापट्टी। नरकटियागंज नगर के वार्ड 24 दिऊलिया में लगी भीषण आगलगी की घटना 4 घर जलकर राख हो गया। आग लगने से आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पे पहुंची दमकल की गाडियां, अग्निशमन के कर्मियो व नगरवासियों के सहयोग से आग पे काबू पाया गया। आगलगी की घटना में घर में रखा सभी समान जलकर राख हो गया। आग की लपटे इतनी भयावह थी कि आग के करीब जाना मुश्किल हो पा रहा था। वही दुसरी आगलगी बगहा के चैनपुर रतवल गाँव में अचानक भीषण आग लगने से अफरा तफ़री मच गईं। हालांकि सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी नें आग पर काबू पा लिया है लेकिन तब तक चार से अधिक सभी घरों में रखे गए लाखों के सामान जलकर खाक हो गए हैं। दरअसल यहा खाना बनाने के दौरान देर रात आग लगने से भगदड़ मच गईं औऱ देखते ही देखते आधा दर्ज़न घर जलकर राख हो गए । आग में करीब एक दर्जन घरों को नुकसान पहुंचा है वहीं चौतरवा थाना पुलिस की सहयोग से पहुंची फायर ब्रिगेड टीम की मदद से कड़ी मशक्क़त कर ग्रामीणों के सहयोग से दमकल नें आग पर काबू पाया। घटना बगहा 1 प्रखंड के चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर रतवल की है जहाँ बीती रात खाना बनाने के दौरान यह हादसा हुआ है। अब अग्नि पीड़ितों को सरकारी व प्रशासनिक स्तर पर मदद की दरकार है। बता दे की घटना की खबर सुनकर समाजसेवी दिनेश अग्रवाल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे वहा की स्थिति देखकर दिनेश अग्रवाल भाव व्हिवल हो गए और पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

हिन्दू नववर्ष पर सत्यनारायण सरस्वती शिशु मंन्दिर मझौलिया के छात्रों ने निकाली झांकी व प्रभातफेरी

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

बेतिया। हिन्दू नव वर्ष की आगमन पर मंगलवार को सत्यनारायण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं ने झांकी और प्रभात फेरी निकाली। एच एम मनोज कुमार ने हिन्दू नववर्ष को लेकर लोगों को जागरूक किया। प्रभातफेरी स्कूल परिसर से शुरू होकर ब्लॉक,थाना होते हुए चीनी मिल गेट तक पहुंचा। इसके बाद स्कूल परिसर में एक नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। एचएम ने कहा कि 496 वर्षों के बाद राम लला अपने आवास अयोध्या में बिराजमान हुए है। उन्होंने भारतीय सभ्यता संस्कृति और सनातन पर प्रकाश डाला। झांकी में राम, लक्ष्मण जानकी और हनुमान का स्वांग रच रहे प्रतिभागियों की भाव भंगिमा देखते बनती थी। प्रभु श्रीराम का खूब जयकारा लगा। प्रभातफेरी व झांकी को सम्पन्न कराने में शिक्षक राजेश्वर पांडेय,सावित्री देवी,सौम्या कुमारी,जीनत कुमारी,संजय कुमार,पप्पू कुमार आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

• एचएम ने भारतीय सभ्यता संस्कृति व सनातनी होने का पाठ पढ़ाया

बैरिया माधोपुर गांव में लगी आग से महादलित परिवार के तीन घर जलकर राख

चाणक्य भूमि

गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त माधोपुर पंचायत के बैरिया माधोपुर गांव के वार्ड नंबर 5 मे सोमवार की रात्रि 3 बजे लगी आग से महादलित परिवार के तीन घर जल कर राख हो गया हैं। जिससे उक्त परिवारों का सभी सामान सहित नगद राशि व मवेशी भी जलकर खाक हो गए हैं । आग बुझाने के क्रम में भोला बैठा, कृष्ण मोहन बैठा व झून्नी देवी पूरी तरह झुलस गई है। आग से झूलसे महिला सहित तीनों का ईलाज गौनाहा रेफरल अस्पताल में कराई गई। इस घटना की पुष्टि करते हुए माधोपुर पंचायत की मुखिया श्रीमती मंजुला मिश्रा ने बताया कि अचानक लगी आग से धर्मराज बैठा का तीन बकरी, कपड़ा, फर्नीचर, पंप सेट, राशन सहित नगद 20 हजार रुपया सहित सभी सामान जलकर राख हो गए हैं। ऐसे ही भोला बैठा का कपड़ा, राशन, नगद 10 हजार रुपया सहित सभी सामान जलकर राख हुआ है। जबकि महादलित परिवार के ही सुभाष बैठा का पूरा घर, कपड़ा, राशन, फर्नीचर सहित नगद 20 हजार रुपया भी जलकर राख हो गए हैं। उक्त आग से सुभाष बैठा का बछड़ा भी बुरी तरह झुलस गया है। सुभाष बैठा की लड़की आरती की शादी इसी माह 18 अप्रैल को होने वाली है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आरती कुमारी की मां व पिता रोते रोते बता रहे थे, कि मेरी बेटी की शादी का अरमान भी जल कर राख हो गया। शादी के लिए जो तैयारी व फर्नीचर बनाए गए थे, वह इस आग में जलकर खाक हो गए हैं। वही मुखिया प्रतिनिधि रानू मिश्रा ने बताया कि तीनों महादलित परिवार काफी गरीब है। मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण पोषण करते हैं। अग्नि पीड़ित परिवार के सभी लोग बीपीएल कार्ड धारी है। इस संबंध में सीओ विवेक कुमार सिंह का कहना है की घटना की जानकारी मिली है। घटनास्थल पर माधोपुर पंचायत के राजस्व कर्मचारी आदित्य कुमार को भेजा गया है।

बखरिया धांगर टोली के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

बेतिया। एन एच 727 के बखरिया धांगर टोली के निकट मंगलवार की सुबह 09 बजे अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति बिरेन्द्र चौधरी(41)वर्ष की घटनास्थल पर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची मझौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा। जानकारी एसएचओ अखिलेश कुमार मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि मृत व्यक्ति की पहचान लालसरैया मलाही टोला निवासी स्व.सुदामा चौधरी के पुत्र बिरेन्द्र चौधरी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक के कान,नाक और आंख से रक्क्तश्राव हुआ है। अंदेशा व्यक्त किया जाता है कि अज्ञात वाहन के जोरदार ठोकर से लगी चोट से मौत हुई है। उन्होंने बताया कि एएसआई बीरबल यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौप दिया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिरेन्द्र चौधरी घर से बेतिया जाने के लिये निकला था। मामले में कोई आवेदन नही मिला है। आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई होगी। इस घटना के बाद मृतक के गावं लालसरैया मलाही टोला में मातमी सन्नाटा पसरा है।

डिस्टिलरी डिवीज़न में नये सत्र संचालन के लिये बॉयलर पूजा

बॉयलर पूजा में शामिल जीएम इंजीनियरिंग

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

बेतिया। मंगलवार को शुगर इंडस्ट्रीज के डिस्टिलरी डिवीज़न में नये सत्र 2024-25 के लिये बॉयलर पूजा किया गया। मुख्य यजमान जीएम इंजीनियरिंग सह डिस्टिलरी के कारखाना प्रवन्धक संतोष कुमार ने पूरे मनोयोग के साथ पूजा अर्चना की और बॉयलर में अग्नि प्रवेश किया। आचार्य पंडित रमेश पाठक के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा। इस अवसर पर आयोजित हवन में डिस्टिलरी के जीएम प्रोसेस प्रदीप कुमार शुक्ला,शुगर के जीएम प्रोडक्शन सर्वेश कुमार दुबे, सीनियर मैनेजर एचआर रमाकांत मिश्रा,मैनेजर इंस्ट्रूमेंट के के ठाकुर,बॉयलर इंजीनियर हरि मोहन सिंह,डिप्टी इंजीनियर बॉयलर एंड पावर जितेंद्र कुमार राय,स्टोर्स इंचार्य मृत्युंजय कुमार पांडेय,बॉयलर अटेंडेंट ब्रजकिशोर तिवारी,भानु प्रताप समेत भारी संख्या में डिस्टिलरी कर्मी शामिल रहे। खूब लगा बाबा विश्वकर्मा का जयकारा।

राधामोहन सिंह ने बताया मुकेश सहनी किसे टिकट दे

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

मोतिहारी की एक जनसभा में राधामोहन सिंह ने वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी को अपनी राय दी है कि वो टिकट किसे दे। उन्होंने राय दी है कि पार्टी के पुराने और जुझारू कार्यकर्ताओं को टिकट दे और अगर संभव हो तो किसी निषाद को टिकट दें क्यूंकि अक्सर वो निषाद आरक्षण की बात करते है। पिछ्ले लोकसभा चुनाव में उन्होंने किसी भी निषाद को टिकट नहीं दिया था। बातों बातों में उन्होंने आरोप भी लगाया कि पैसा लेकर टिकट बेचने का काम नहीं करे उन्होंने कहा कि थैला-थैली के फेर में किसी को भी उठा कर टिकट थाम दे। यह बात एनडीए उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह ने कोटवा हाई स्कूल मैदान में बीजेपी ने विजय संकल्प सम्मेलन के दौरान कही। हालाँकि उनकी बातों में दम है लेकिन यह राय उन्हें अपने पार्टी नेताओं को भी देनी चाहिये। क्यूँकि देखा जाय तो भाजपा ने कई जगहों पर अपने पुराने कार्यकर्ताओं को छोड़कर अन्य पार्टियों से आए नये कार्यकर्ताओं को टिकट दिया है





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714